# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
## एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय
समग्र शिक्षा, विद्या भवन निशातगंज, लखनऊ –226007

वेब–साइट: www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com ई–मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 781128

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद, उ0प्र0।

पत्रांक: सामु0सह0/स्कूल चलो अभियान/ 080 /2025–26/लखनऊ दिनांक: 03 अप्रैल, 2025

विषय: **उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं का विवरण 'डिजिटल प्रवेश पंजिका' में अंकित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

आप अवगत हैं कि नवीन शैक्षिक सत्र 2025–26 दिनांक : 1 अप्रैल, 2025 से आरम्भ हो चुका है। शासनादेश संदर्भ सं0 68-5099/105/2024- 1/919155/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 के क्रम में दिनांक : 01.04.2025 से 15.04.2025 तक प्रथम चरण में 'स्कूल चलो अभियान' संचालित है।

'स्कूल चलो अभियान' के दौरान विद्यालयों में नामांकित किए जाने वाले नव प्रवेशित बच्चों का विवरण **'डिजिटल प्रवेश पंजिका'** पर अनिवार्यतः अंकित करायी जानी है। 'डिजिटल प्रवेश पंजिका' पर प्रवेश के अंकन के सम्बन्ध में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक: गुण0वि0/टाइम एण्ड मोशन/2290/2024–25 दिनांक: 18 जून, 2024 द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। सुलभ संदर्भ हेतु उक्त पत्र की प्रति पुनः संलग्न है।

उक्त के सम्बन्ध में आपसे अपेक्षित है कि **'डिजिटल प्रवेश पंजिका'** पर नव प्रवेशित बच्चों का विवरण अंकित कराने हेतु समस्त सम्बन्धित को तत्काल निर्देशित करते हुए अंकन सुनिश्चित करावें। **'डिजिटल प्रवेश पंजिका'** पर अंकित प्रविष्टियों की समीक्षा उच्च स्तर पर प्रतिदिन की जाएगी। अतः व्यक्तिगत ध्यान देते हुए उपर्युक्त कार्य को सर्वोच्च वरियता प्रदान करें।
संलग्नक: उक्तवत्।

भवदीया,

Kanchan

**(कंचन वर्मा)**
राज्य परियोजना निदेशक

**पृष्ठांकन सं0:सामु0सह0/स्कूल चलो अभियान/ /2024–25, तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
2. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
4. सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
5. प्राचार्य, डायट, समस्त जनपद, उ0प्र0।
6. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक), उ0प्र0।
7. जिला समन्वयक सामु0सह0/प्रभारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
8. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद, समस्त विकास खण्ड, उ0प्र0।

**(कंचन वर्मा)**
राज्य परियोजना निदेशक

# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा, विद्या भवन निशातगंज, लखनऊ –226007

वेब–साइट: www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 781128


सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद, उ0प्र0।

पत्रांकः सामु0सह0 / स्कूल चलो अभियान / /2025–26 / लखनऊ दिनांकः 03 अप्रैल, 2025

विषयः **उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं का विवरण 'डिजिटल प्रवेश पंजिका' में अंकित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

आप अवगत हैं कि नवीन शैक्षिक सत्र 2025–26 दिनांक : 1 अप्रैल, 2025 से आरम्भ हो चुका है। शासनादेश संदर्भ सं0 68-5099/105/2024- 1/919155/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 के क्रम में दिनांक : 01.04.2025 से 15.04.2025 तक प्रथम चरण में 'स्कूल चलो अभियान' संचालित है।

'स्कूल चलो अभियान' के दौरान विद्यालयों में नामांकित किए जाने वाले नव प्रवेशित बच्चों का विवरण **'डिजिटल प्रवेश पंजिका'** पर अनिवार्यतः अंकित करायी जानी है। 'डिजिटल प्रवेश पंजिका' पर प्रवेश के अंकन के सम्बन्ध में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांकः गुण0वि0 / टाइम एण्ड मोशन / 2290 / 2024–25 दिनांकः 18 जून, 2024 द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। सुलभ संदर्भ हेतु उक्त पत्र की प्रति पुनः संलग्न है।

उक्त के सम्बन्ध में आपसे अपेक्षित है कि **'डिजिटल प्रवेश पंजिका'** पर नव प्रवेशित बच्चों का विवरण अंकित कराने हेतु समस्त सम्बन्धित को तत्काल निर्देशित करते हुए अंकन सुनिश्चित करावें। **'डिजिटल प्रवेश पंजिका'** पर अंकित प्रविष्टियों की समीक्षा उच्च स्तर पर प्रतिदिन की जाएगी। अतः व्यक्तिगत ध्यान देते हुए उपर्युक्त कार्य को सर्वोच्च वरियता प्रदान करें।
संलग्नकः उक्तवत्।

भवदीया,

**(कंचन वर्मा)**
राज्य परियोजना निदेशक

**पृष्ठांकन सं0:सामु0सह0 / स्कूल चलो अभियान / 020 / 2024–25, तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
2. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
4. सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
5. प्राचार्य, डायट, समस्त जनपद, उ0प्र0।
6. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक), उ0प्र0।
7. जिला समन्वयक सामु0सह0 / प्रभारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
8. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद, समस्त विकास खण्ड, उ0प्र0।

Kanchan

**(कंचन वर्मा)**
राज्य परियोजना निदेशक

# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226007

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128


सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद, उ0प्र0।

पत्रांक : गुण0वि0/टाइम एण्ड मोशन/2290/2024-25 दिनांक 18 जून, 2024

विषय : उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में पंजिकाओं के डिजिटाइजेशन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

आप अवगत हैं कि शासनादेश संख्या: 867/68-5-2020 दिनांक 14 अगस्त 2020 द्वारा टाइम एण्ड मोशन स्टडी के आधार पर शैक्षणिक कार्यों के लिए समयावधि एवं अन्य कार्यों के साथ-साथ विद्यालय स्तर पर व्यवहृत की जाने वाली पंजिकाओं के संबंध में सुसंगत दिशा-निर्देश प्रेषित किये गये हैं। तत्क्रम में पंजिकाओं के रख-रखाव एवं अद्यतन किये जाने के संबंध में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक-गुण0वि0/टाइम एण्ड मोशन/11312/2020-21 दिनांक 31 मार्च, 2021 द्वारा समस्त पंजिकाओं का विवरण उपलब्ध कराते हुये विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये गये हैं।

शासनादेश संख्या: 68-5099/133/2023-5 दिनांक 20 जुलाई 2023 के द्वारा उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों हेतु निर्धारित 12 पंजिकाओं के डिजिटाइजेशन कराने का निर्णय लिया गया है। टाइम एण्ड मोशन स्टडी के संबंध में निर्गत शासनादेश में उल्लिखित पंजिकाओं में से शिक्षक डायरी को छोड़कर पूर्व में समेकित की गयी आय-व्ययक पंजिका एवं चेक इश्यू पंजिका सहित निम्नांकित विवरणानुसार 12 पंजिकाओं का रियल टाइम उपयोग करने के उद्देश्य से डिजिटाइजेशन कराया गया है :-

| क्रम | पंजिका का नाम | क्रम | पंजिका का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | उपस्थिति पंजिका | 7 | आय-व्ययक एवं चेक इश्यू पंजिका (बजटवार) |
| 2 | प्रवेश पंजिका | 8 | बैठक पंजिका |
| 3 | कक्षावार छात्र उपस्थिति पंजिका | 9 | निरीक्षण पंजिका |
| 4 | एम0डी0एम0 पंजिका | 10 | पत्र व्यवहार पंजिका |
| 5 | समेकित निःशुल्क सामग्री वितरण पंजिका | 11 | बाल गणना पंजिका |
| 6 | स्टॉक पंजिका | 12 | पुस्तकालय एवं खेलकूद पंजिका |

पंजिकाओं के सरलीकरण तथा टेक्नोलॉजी आधारित डिजिटल माध्यम से व्यवहृत किये जाने हेतु प्रेरणा पोर्टल पर "डिजिटल रजिस्टर्स" नाम से नया मॉड्यूल विकसित किया गया है। वर्तमान में प्रयुक्त की जा रही भौतिक पंजिकाओं के अनुरूप ही पंजिकाओं का डिजिटल प्रारूप तैयार किया गया है। उक्तानुसार समस्त प्रविष्टियां डिजिटल प्लेटफार्म पर अंकित की जायेंगी। तत्क्रम में विद्यालय स्तर पर व्यवहृत की जाने वाली 12 डिजिटल पंजिकाओं का विवरण निम्नवत् है :-

1. डिजिटल उपस्थिति पंजिका (Teacher Attendance Register) :-

1) डिजिटल उपस्थिति पंजिका में विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापकों/कार्मिकों द्वारा प्रतिदिन अपनी उपस्थिति, विद्यालय आगमन/प्रस्थान का समय अंकित किया जायेगा।

2) विभाग द्वारा परिषदीय प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों के शिक्षकों के उपयोगार्थ 209863 टेबलेट्स उपलब्ध कराये गये हैं तथा परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के उपयोगार्थ टेबलेट उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रक्रिया गतिमान है। विभाग द्वारा परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के उपयोगार्थ टेबलेट उपलब्ध कराये जाने तक डिजिटल पंजिका में समस्त अध्यापकों/कार्मिकों द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज कराए गए अपने


Note: This document is only for the knowledge and bonafide use of the Department of Basic Education, UP Government. Any sharing, publication or reproduction of this document in print or digital form or communication of its contents in any other form by any unconcerned person, body, institute or third party without prior information and approval of the competent authority will be illegal & void ab initio and appropriate action shall be taken against him in accordance with relevant rules & regulations.

Scanned with OKEN Scanner

मोबाईल नंबर/स्मार्ट फोन से अपनी उपस्थिति प्रतिदिन अंकित की जायेगी। तदोपरान्त प्रधानाध्यापक द्वारा उपस्थिति प्रमाणित की जायेगी।

3) राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक–नि0का0/रा0शि0/क0स्कूल ग्राण्ट/830/2024–25 दिनांक 01 मई, 2024 द्वारा टेबलेट के उपयोग हेतु सिम कार्ड एवं इण्टरनेट की सुविधा के लिये व्यय हेतु सुसंगत निर्देश प्रदान किये गये हैं। तत्क्रम मे स्थानीय स्तर पर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी की उपलब्धता के दृष्टिगत सेवाप्रदाता के माध्यम से परिषदीय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को उपलब्ध कराये गये टेबलेट्स के उपयोगार्थ सिम एवं इण्टरनेट की उपलब्धता संबंधी कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराते हुये शिक्षकों को सिम उपलब्ध कराये जायें।

4) अध्यापकों द्वारा विद्यालय में प्रवेश और प्रस्थान के समय डिजिटल उपस्थिति पंजिका मे नियमित रूप से उपस्थिति निम्नलिखित विवरणानुसार अंकित की जाएगी :–

- ❖ दिनांक 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक : आगमन उपस्थिति प्रातः 7:45 से 8:00 बजे तक; प्रस्थान – अपराह्न 2:15 से 2:30 बजे

  **नोट :– अग्रिम आदेश तक** — **आगमन उपस्थिति प्रातः 7:15 से 7:30 बजे तक; प्रस्थान — अपराह्न 1:30 से 1:45 बजे तक**

- ❖ दिनांक 01 अक्टूबर से 31 मार्च तक : आगमन उपस्थिति प्रातः 8:45 से 9:00 बजे तक; प्रस्थान – अपराह्न 3:15 से 3:30 बजे

5) टैबलेट/स्मार्ट फोन को जियोफेंसिंग के माध्यम से पहचाना जायेगा तथा पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करते समय अध्यापक/प्रधानाध्यापक को विद्यालय परिसर में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।

6) विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षकों एवं स्टॉफ की उपस्थिति का ऑनलाइन प्रमाणीकरण प्रधानाध्यापक द्वारा किया जायेगा।

2. <u>डिजिटल प्रवेश पंजिका (Student Registration Details Register):-</u>

1) इस पंजिका में बच्चों के नामांकन के समय सम्पूर्ण विवरण दर्ज किया जाएगा, जैसे–नाम, लिंग, जन्म तिथि, माता–पिता का विवरण व आधार संख्या आदि।

2) बच्चे का प्रेरणा पोर्टल पर नामांकन करने पर सिस्टम द्वारा एक **यूनिक पहचान संख्या** प्रदान की जायेगी, जिसे प्रधानाध्यापक द्वारा डिजिटल पंजिका मे अंकित किया जायेगा।

3) छात्र विवरण पंजिका को प्रेरणा पोर्टल/प्रेरणा डी0बी0टी0 ऐप के माध्यम से भरा/ अपडेट किया जायेगा।

4) अंतिम कक्षा उत्तीर्ण व अन्य विद्यालय हेतु स्थानान्तरण प्रमाण पत्र निर्गमन का विवरण भी डिजिटल प्रवेश पंजिका में अंकित किया जायेगा।

3. <u>डिजिटल छात्र उपस्थिति पंजिका (Student Attendance Register):-</u>

1) कक्षावार छात्र उपस्थिति पंजिका में विद्यालय में अध्ययनरत समस्त बच्चों की दैनिक उपस्थिति अंकित की जायेगी।

2) अध्यापक द्वारा बच्चों की उपस्थिति स्मार्टफोन/टेबलेट के माध्यम से पोर्टल पर निम्नानुसार अंकित की जायेगी :–

- ❖ दिनांक 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक — प्रातः 08:00 से 9:00 बजे तक
  **अग्रिम आदेश तक — प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक**
- ❖ दिनांक 01 अक्टूबर से 31 मार्च तक — प्रातः 09:00 से 10:00 बजे तक

4. <u>डिजिटल एम0डी0एम0 पंजिका (MDM Register) :-</u>

1) एम0डी0एम0 पंजिका मे मिड डे मील संबंधी समस्त विवरण यथा–लाभार्थी संख्या, मेन्यू, खाद्यान्न, परिवर्तन लागत आदि का विवरण यथास्थान अंकित किया जायेगा।

2) प्रतिदिन मध्याह्न भोजन के उपरान्त उक्त पंजिका अनिवार्य रूप से अद्यतन की जायेगी। दिनांक 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक एम0डी0एम0 पंजिका मध्याह्न 12 बजे तक तथा दिनांक 01 अक्टूबर से 31 मार्च तक अपराह्न 1:30 बजे तक अनिवार्य रूप से अद्यतन की जायेगी।

5. <u>डिजिटल निःशुल्क सामग्री वितरण पंजिका (Digital Material Distribution Register) :-</u>

1) इस पंजिका में बच्चों को प्रदान की जाने वाली समस्त निःशुल्क सामग्री का विवरण यथास्थान अंकित किया जायेगा, जैसे–पाठ्य पुस्तकें, कार्यपुस्तिकाएं आदि।

2) बच्चों को सामग्री के वितरण के समय उक्त पंजिका को अद्यतन किया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

3) बच्चों के शैक्षणिक स्तर के मूल्यांकन के पश्चात् रिपोर्ट कार्ड/होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड के वितरण का विवरण भी उक्त पंजिका में यथास्थान अंकित किया जायेगा।

6. **डिजिटल स्टॉक पंजिका (Digital Stock Register) :-**

1) डिजिटल स्टॉक पंजिका में विद्यालय की सम्पूर्ण परिसम्पत्तियों, वस्तुओं, सामग्रियों आदि का विवरण अंकित किया जायेगा। पंजिका में क्रय की गई सामग्री का विवरण जैसे–सामग्री का नाम, प्रकार, संख्या, व्यय धनराशि, एजेन्सी/संस्था का नाम आदि यथास्थान अंकित किया जायेगा।
2) इस पंजिका में किसी वस्तु के क्रय/व्यय करने पर पंजिका को अद्यतन किया जायेगा।
3) प्रधानाध्यापक द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि डिजिटल स्टॉक पंजिका अद्यतन हो तथा अंकित समस्त सामग्री विद्यालय में उक्तानुसार उपलब्ध हो।
4) स्टॉक पंजिका के डिजिटल प्रारूप के साथ ही पंजिका का भौतिक प्रारूप भी अग्रिम आदेश तक व्यवहृत किया जायेगा तथा समस्त प्रविष्टियां यथासमय अद्यतन की जायेंगी।

7. **डिजिटल आय–व्ययक एवं चेक इश्यू पंजिका :–**

1) उक्त पंजिका में विद्यालय में विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आय एवं व्यय का विवरण अंकित किया जायेगा।
2) इस पंजिका को **तीन भागों** में विभाजित किया गया है – एम0डी0एम0, एस0एम0सी0 तथा अन्य।
3) **प्राप्त धनराशि विवरण वाले भाग में** प्राप्त धनराशि का विवरण, बैंक का नाम, प्रेषणकर्त्ता, प्राप्ति का दिनांक तथा मद का नाम अंकित किया जायेगा।
4) **व्यय धनराशि विवरण वाले भाग में** व्यय धनराशि, चेक संख्या एवं तिथि, बैंक का नाम, कार्यदायी संस्था का नाम तथा अन्य विवरण अंकित किया जायेगा।
5) उक्त पंजिका में व्यय धनराशि से संबंधित अभिलेख अपलोड किये जायेंगे।
6) आय–व्ययक एवं चेक इश्यू पंजिका के डिजिटल प्रारूप के साथ ही पंजिका का भौतिक प्रारूप भी अग्रिम आदेश तक व्यवहृत किया जायेगा तथा समस्त प्रविष्टियां यथासमय अद्यतन की जायेंगी।

8. **डिजिटल बैठक पंजिका (Digital Meeting Register) :-**

1) उक्त पंजिका में विद्यालय में गठित विभिन्न समितियों जैसे–विद्यालय प्रबंध समिति, शिक्षक–अभिभावक संघ, माता समूह आदि की बैठक का एजेण्डा, कार्यवृत्त, फोटोग्राफ्स तथा उपस्थित सदस्यों का विवरण अंकित किया जायेगा।
2) उक्त के अतिरिक्त मीना मंच गठन, बाल संसद गठन, रसोइया चयन की कार्यवाही संबंधी समस्त विवरण पंजिका में अंकित/अपलोड किया जायेगा।
3) विद्यालयों में आहूत बैठकों के उपरान्त उक्त डिजिटल पंजिका को अद्यतन किया जायेगा।
4) बैठक सम्पन्न होने के पश्चात् 24 घंटे के अन्दर उक्त पंजिका को प्रधानाध्यापक द्वारा अनिवार्य रूप से अद्यतन किया जायेगा।

9. **डिजिटल निरीक्षण पंजिका (Digital Inspection Register) :–**

- विद्यालयों में निरीक्षण पंजिका भौतिक रूप में व्यवहृत की जायेगी।

10. **डिजिटल पत्र व्यवहार पंजिका (Digital Patra Vyavhar Register)**

1) उक्त पंजिका में विद्यालय से संबंधित निर्गत व प्राप्त पत्रों का विवरण अंकित किया जायेगा एवं पत्रांक, दिनांक तथा संक्षिप्त विवरण भी अंकित किया जायेगा।
2) पंजिका को नियमित रूप से अद्यतन किया जायेगा।

11. **डिजिटल बाल गणना पंजिका (Digital Bal Gadna Register)**

1) बाल गणना पंजिका की समस्त प्रविष्टियां शारदा/प्रेरणा ऐप/पोर्टल पर अंकित/अपडेट की जायेंगी।
2) उक्त पंजिका में विद्यालय के सेवित क्षेत्र के 06 से 14 वय–वर्ग के समस्त बच्चों का विवरण अंकित किया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

12. डिजिटल पुस्तकालय एवं खेलकूद पंजिका (Library and Sports Equipment Register):-

1) उक्त पंजिका के **दो भाग हैं – पुस्तक आवंटन** का विवरण एवं खेलकूद सामग्री का विवरण।
2) पंजिका में **पुस्तकालय एवं खेलकूद सामग्री वाले भाग में** अंकित प्रविष्टियों के अनुसार विवरण अंकित किये जायेंगे।
3) उक्त पंजिका को नियमित रूप से अद्यतन किया जायेगा।

उपर्युक्त पंजिकाओं के प्रयोग के संबंध में निम्नांकित निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये :-

1) समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं के0जी0बी0 विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश के उपरान्त अर्थात् दिनांक 25 जून, 2024 से **छात्र उपस्थिति पंजिका एवं एम0डी0एम0 पंजिका** केवल डिजिटल रूप में ही व्यवहृत की जायेंगी।
2) **स्टॉक पंजिका तथा आय–व्ययक एवं चेक इश्यू पंजिका** डिजिटल प्रारूप के साथ ही अग्रिम आदेश तक भौतिक प्रारूप में भी व्यवहृत की जायेंगी।
3) **निरीक्षण पंजिका** भौतिक रूप में ही व्यवहृत की जायेगी।
4) निर्देशानुसार **अन्य समस्त पंजिकायें** समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं करतूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में **दिनांक 15 जुलाई, 2024** से डिजिटल रूप में अद्यतन की जायेंगी।
5) एस0आर0जी0, ए0आर0पी0, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण/एम0आई0एस0), समस्त शिक्षकों एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को डिजिटल पंजिकाओं के प्रयोग के संबंध में राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। **पंजिकाओं के ऑनलाइन प्रयोग के संबंध में यूज़र मैनुअल संलग्न हैं।**

अतः निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त निर्देशानुसार प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा समस्त संबंधित को अपने स्तर से ससमय निर्देशित करते हुये नियमित रूप से अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीया,

Kanchan

(कंचन वर्मा)
राज्य परियोजना निदेशक

पृ0सं0: गुण0वि0/टाइम एण्ड मोशन / /2024–25 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 डेस्को, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
5. शिक्षा निदेशक (बेसिक), निशातगंज, लखनऊ, उ0प्र0।
6. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, निशातगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।
7. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
8. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
9. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
10. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
11. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखण्ड, समस्त जनपद, उ0प्र0।
12. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण/एम0आई0एस0), समस्त जनपद, उ0प्र0।

(कंचन वर्मा)
राज्य परियोजना निदेशक

Scanned with OKEN Scanner